an>

title: Issue regarding increase in number of journalists' deaths in Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन में बहुत महत्वपूर्ण मसला उठाना चाहता हूं। बिहार में आए दिन पत्रकारों की हत्याएं हो रही हैं। मैं जानता हूं कि यह विÂषय राज्य सरकार का है। ...(व्यवधान) पत्रकारिता पर हमले हो रहे हैं और आए दिन पत्रकारों की हत्याएं हो रही हैं। अभी हाल में बिहार के रोहतास जिले में धर्मेन्द्र कुमार सिंह, दैनिक भास्कर से जुड़े हुए युवा पत्रकार की हत्या पत्थर माफिया से जुड़े लोगों ने कर दी। इस तरह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला होगा तो लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रहेगा।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के संज्ञान में यह विषय लाना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि पत्रकारों की हत्याओं पर बिहार सरकार की तरफ से सहायता होनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक उसके परिवार को एक पैसे की भी सहायता नहीं की गई है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि कम से कम उनको 25 लाख रुपए का मुआवजा मिले, परिवार में एक सरकारी नौकरी मिले और सख्त कानून बने ताकि राज्य सरकार किसी को सहायता दे और किसी को न दे, ऐसा न हो सके। एक स्थायी कानून बनना चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं पर उनके परिवारों को मुआवजा मिल सके।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री अश्विनी कुमार चौबे, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री सुधीर गुप्ता को श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

Shri Jayadev Galla.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Kapil Moreshwar Patil.